रजिस्टर्ड नं0 HP/13/SML/2002.



राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

(असाधारण)

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, बुधवार, 5 जून, 2002/15 ज्येष्ठ, 1924

हिमाचल प्रदेश सरकार

लोक निर्माण विभाग

अधिसूचना

शिमला-2, 28 मई, 2002

संख्या पी0 बी0 डब्ल्यू0 (बी) ए (7) 1-19/2002.—यतः हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल को यह प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार को सरकारी व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजन हेतु नामतः गांव खनोट/491, उप-तहसील बल्द्राडा, जिला मण्डी में बनोहा-बतैल सड़क के निर्माण हेतु भूमि अर्जित करनी अपेक्षित है। अतएव एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि उक्त परिक्षेत्र में जैसा कि निम्न विवरणी में निर्दिष्ट किया गया है, उपरोक्त प्रयोजन के लिए भूमि का अर्जन अपेक्षित है।

2. यह अधिसूचना ऐसे सभी व्यक्तियों को, जो इससे सम्बन्धित हो सकते हैं, की जानकारी के लिए भूमि अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा 4 के उपबन्धों के अन्तर्गत जारी की जाती है।

3. पूर्वोक्त धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश इस समय इस उपक्रम में कार्यरत सभी अधिकारियों, उनके कर्मचारियों और श्रमिकों को इसके की किसी भी भूमि में प्रवेश करने और सर्वेक्षण करने तथा उस धारा द्वारा अपेक्षित अथवा अनुमत अन्य सभी कार्यों को करने के लिए सहर्ष प्राधिकार देते हैं।

4. कोई भी हितबद्ध व्यक्ति जिसे उक्त परिक्षेत्र में कथित भूमि के अर्जन पर कोई आपत्ति हो तो वह इस अधिसूचना के प्रकाशित होने के तीस (30) दिन की अवधि के भीतर लिखित रूप में भू-अर्जन समाहर्ता, लोक निर्माण विभाग, मण्डी, (हि0 प्र0) के समक्ष अपनी आपत्ति दायर कर सकता है।

विस्तृत विवरणी

जिला : मण्डी उप-तहसील : बल्द्वाडा

गांव	खसरा नं0	क्षेत्र (हैक्टेयरों में)
1	2	3
खनोट	725/1	0 01 13
	656/1	0 00 30
	663/1	0 01 37
	664	0 00 73
	665/1	0 00 60
	686/1	0 00 57
	685/1	0 00 30
	661/1	0 01 36
	662/1	0 00 78
	688/1	0 90 85
	690/1	0 00 59
	692/1	0 01 20
	697/1	0 00 42
	711/1	0 01 26
	721/1	0 01 66
	706/1	0 01 51
	708/1	0 01 80
	722/1	0 01 59
	705/1	0 00 72
	698/1	0 00 13
	703/1	0 02 40
	703/2	0 01 24
	712/1	0 01 38
	704/1	0 00 66
	660/1	0 00 25
	726/1	0 00 22
	727/1	0 02 82
	728/1	0 00 76
	731/1	0 03 00
	732/1	0 00 93
	740/1	0 00 87
	741/1	0 02 75
	776/1	0 01 48
	730/1	0 01 20
कित्ता ..	34	0 38 83

आदेश द्वारा,

हस्ताक्षरित/-
सचिव।

नियन्त्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, हिमाचल प्रदेश, शिमला-5 द्वारा मुद्रित तथा प्रकाशित